राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
Email: jdbed.cce@gmail.com Ph.: 0141-2706736 (O);

क्रमांकः एफ.24( )बी.एड/पोर्टल/आकाशि/2024/

1. **समस्त सहायक निदेशक,**
   क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
2. **समस्त नोडल प्राचार्य,**
   राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान

विषयः– शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों/संस्थाओं के राज.एन.ओ.सी. (बी.एड.) पोर्टल पर दस्तावेजों के अपलोड/अद्यतन के सम्बंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि राज्य में संचालित सभी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों/संस्थाओं के दस्तावेजों का विभागीय स्तर पर अद्यतन किया जाना हैं। इस कार्य हेतु विभागीय स्तर पर DOIT&C की सहायता से राज.एन.ओ.सी. (बी.एड.) पोर्टल बनाया गया हैं, जिसका संचालन एस.एस.ओ. आईडी लॉगिंन से किया जाना हैं। इस हेतु समस्त सहायक निदेशक एवं नोडल प्राचार्यों की एस.एस.ओ. आईडी मैपिंग की जानी हैं। जो पोर्टल का एक्सेस (Access) जी2जी माध्यम से कर सकेगें, जबकि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव/प्राचार्य स्वयं की एस.एस.ओ. आईडी की मैपिंग पश्चात जी2सी के माध्यम से दस्तावेजों को अपलोड/अद्यतन कर सकेंगे।

सहायक निदेशक व नोडल प्राचार्यो की एस.एस.ओ. आईडी मैपिंग विभागीय स्तर से की जानी है। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव/प्राचार्य की एस.एस.ओ. आईडी प्राप्त कर मैपिंग कार्य नोडल प्राचार्य स्तर से किया जाना है। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय अपनी समस्त सूचना अपनी एस.एस.ओ. आईडी से राज.एन.ओ.सी. (बी.एड.) पोर्टल पर अपलोड़/अद्यतन करेंगे। साथ ही नोडल प्राचार्य/सहायक निदेशक इन सूचनाओं में त्रुटि सुधार अपने स्तर पर ही करेंगे।

अतः समस्त सहायक निदेशक/नोडल प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि आपके क्षेत्र में संचालित सभी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के समस्त दस्तावेज/सूचनाएं उक्त पोर्टल पर अपलोड़/अद्यतन करवाने बाबत् पोर्टल दिनांक 15 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक खोला जावेगा। अतः उक्तानुसार पोर्टल पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों से संबंधित सभी दस्तावेज एवं सूचनाएं अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्य की सतत् मॉनिटरिंग विभागीय स्तर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर से की जावेगी।

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं।

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा,राजस्थान,जयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव/प्राचार्य, समस्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाए/महाविद्यालय राजस्थान।
2. तकनीकी निदेशक, सूचना प्रौधोगिकी एवं संचार विभाग।

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा,राजस्थान,जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Sunil Bhati
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.01.03 20:09:34 IST
Reason: Approved